दिनांक : 13.08.2024 समय : 02.10pm

वित्त मंत्री भोपाल

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए नवाचार, वैज्ञानिक सोच और त्वरित समाधान तलाशने का आह्वान किया। वे आज भारतीय विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान-आईंआईएसईआर, भोपाल में आयोजित ग्यारहवें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रही थीं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डा मोहन यादव भी शामिल हुए।

केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान का समाज की बेहतरी के लिए अधिकतम उपयोग होना चाहिए। उन्होंने नवीकृत ऊर्जा को वक्त की जरूरत बताते हुए विद्यार्थियों से ऐसी बैटरी और संसाधन बनाने की अपील की जो इस ऊर्जा को स्टोर कर सकें। वित्त मंत्री ने भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान परिसर, के नवीन शैक्षणिक भवन और व्याख्यान कक्ष का शिलान्यास भी किया। मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने इस अवसर पर कहा कि डिग्री महज एक कागज का टुकड़ा नहीं बल्कि आपकी प्रतिभा का सम्मान है। उन्होंने कहा कि संपूर्ण विश्व तेजी से ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था में परिवर्तित हो रहा है। पेट्रोल को औद्योगिक क्रांति की धुरी माना जाता है, लेकिन ज्ञान 21वीं सदी की अर्थव्यवस्था का आधार है।

आईंआईएसईआर भोपाल से इस साल कुल मिलाकर 442 डिग्री प्रदान की गई। इनमें 214 एकीकृत स्नातकोत्तर, 79 स्नातक, 15 स्नातकोत्तर, 13 एमएससी और 121पीएचडी डिग्री शामिल हैं।

तिरंगा यात्रा

हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रदेश में तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही है । आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में भोपाल के बड़ा तलाब के बोट क्लब पर तिरंगा यात्रा का आयोजन हुआ। इसमें नावों पर सवार लोगों ने तिरंगा एक रैली निकाली। इसी तरह कटनी जिले में 15 अगस्त तक विभिन्न

गतिविधियां आयोजित की जा रही है कटनी नगर निगम द्वारा कल के.सी.एस स्कूल के बाहर तिरंगा मेले का शुभारंभ किया गया। आज भी जारी है। इसमें स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बनाये गए व्यंजन एवं उत्पादों के स्टाल लगा कर विक्रय किए जा रहे हैं।

सतना में जिला स्तर और विकासखण्ड मुख्यालय स्तर पर आज तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। पुलिस परेड ग्राउण्ड से सिविल लाइन चौपाटी तक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया है। पन्ना में हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत आज खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा सुबह छात्रसाल स्टेडियम से मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया।

उद्यमी सम्मेलन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज महिला उद्यमी सम्मेलन सह रक्षाबंधन कार्यक्रम में प्रदेश की महिला उद्यमियों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में लगभग 850 सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम को 274 करोड़ 88 लाख रुपए की प्रोत्साहन सिंगल क्लिक से उनके खातों में अंतरित की। सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप ने बताया है कि कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर भोपाल में कार्यक्रम में मुख्यमंत्री लगभग 100 से अधिक उद्योगों का लोकार्पण और भूमि-पूजन किया। शिवपुरी जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर एचआईवी एड्स को लेकर सघन जागरूकता अभियान प्रारंभ पीजी कालेज में किया गया है। अभियान 12 अगस्त से 12 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। इस दौरान विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी), भोपाल द्वारा विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस और स्वतंत्रता संग्राम पर आधारित दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का आयोजन आज से करियर कॉलेज, भोपाल में किया गया है। प्रदर्शनी का शुभारम्भ भोपाल के सांसद आलोक शर्मा करेंगे। यह प्रदर्शनी आम लोगों के लिए दो दिन तक खुली रहेगी।

मौसम

प्रदेश में एक बार फिर बारिश का सिलसिला शुरू हो गया है। मानसूनी ट्रफ लाइन अब ग्वालियर और सीधी से गुजर रही है। आज ग्वालियर, चंबल और जबलपुर संभाग में इसका असर दिखेगा। आज जबलपुर समेत 8 जिलों में तेज बारिश होने का अलर्ट है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन समेत प्रदेश के दूसरे जिलों में गरज-चमक और हल्की बारिश हो सकती है। श्योपुर, मुरैना, गुना, अशोकनगर, कटनी, उमरिया, जबलपुर, डिंडौरी में तेज बारिश हो सकती है। इस बीच कल भोपाल में पूरे दिन हल्की बारिश हुई। इंदौर, उज्जैन समेत 20 जिलों में भी पानी गिरा। प्रदेश में सीजन की 72 प्रतिशत बारिश ज्यादा हो गई है। अब तक 23.1 इंच बारिश होनी चाहिए, लेकिन 27 इंच पानी गिर चुका है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- झाबुआ में नशा मुक्त भारत अभियान ऐप के 5 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में "विकसित भारत का मंत्र भारत हो नशे से स्वतंत्र" थीम पर सभी स्कूल कॉलेज में अंतर्गत ई-शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल रिसर्च एंड डेवलपमेंट (ISRD) संस्था द्वारा असंगठित श्रमिकों के मुद्दों पर एक महत्वपूर्ण जनसंवाद का आयोजन आज महात्मा ज्योतिबा फूले भवन भोपाल में किया जा रहा है।
- इन्दौर में कल एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन जिला रोजगार कार्यालय परिसर जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के पास 10 पोलोग्राउन्ड में किया जायेगा।